वॉलीबॉल के जरिए किया जागरूक

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पटेल नगर के एसडीएम ऑफिस और इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज के सहयोग से सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन पहल के तहत 'वोटिंग दिल से' थीम पर एक वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। निर्वाचन अधिकारी (AC-29, तिलक नगर) नितिन शाक्य ने कहा कि इसका मकसद आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में हर पात्र मतदाता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

मतदाता जागरुकता के लिए हुई बड़ी पहल

आयोजित हुआ 'वोटिंग दिल से' वॉलीबॉल मैच

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर नेताओं के साथ-साथ चुनाव आयोग भी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यमों से मतदाता जागरुकता के अभियान में जुट गया है। इसी पहल के तहत पटेल नगर (एसडीएम) कार्यालय के तत्वावधान में शनिवार को 'वोटिंग दिल से' थीम के तहत एक वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों ने सामूहिक रूप से आगामी चुनावों में मतदान करने की शपथ ली। प्रतिभागियों ने इस मुद्दे पर कहा कि वोट देना सिर्फ एक अधिकार नहीं है बल्कि नागरिकों के रूप में यह हमारी जिम्मेदारी भी है।

सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीईईपी) पहल के तहत आयोजित यह वॉलीबाल मैच पटेल नगर (एसडीएम) कार्यालय के सहयोग से व इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज (आईजीआईपीईएसएस) में संपन्न हुआ। इसमें करीब 200 युवा मतदाता शामिल हुए। इस दौरान एसडीएम पटेल नगर व रिटर्निंग अधिकारी (तिलक नगर) डॉ. नितिन शाक्या ने इस पहल केए महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि ये गतिविधियां जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम (पश्चिम) डॉ. किन्नी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक पात्र मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग ले। वॉलीबॉल मैच जैसी पहल के माध्यम से हमारा लक्ष्य युवा मतदाताओं के बीच मतदान के महत्व और भविष्य में उनकी भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

वोटिंग पर जागरुकता बढ़ाने के लिए वॉलीबॉल मैच का आयोजन

■ **सान्ध्य टाइम्स ब्यूरो।** दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में अलग-अलग तरीकों से वोटिंग के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। युवाओं पर खास ध्यान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में सिस्टेमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (SVEEP) के तहत कल विकासपुरी स्थित इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस (IGIPESS) में वॉलीबॉल का फ्रेंडली मैच कराके खिलाड़ियों और उनके परिजनों से वोटिंग की अपील की गई।

■ 'वोटिंग दिल से' थीम पर हुआ मैच

तिलक नगर विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर नितिन शाक्य ने बताया कि जिले की इलेक्शन ऑफिसर डॉ. किन्नी सिंह के मार्गदर्शन में अलग-अलग कार्यक्रमों के जरिए लोगों से वोटिंग की अपील की जा रही है। कल हुए वॉलीबॉल मैच में 200 से ज्यादा दर्शकों ने भाग लिया। इसमें तिलक नगर विधानसभा से अच्छी संख्या में युवा वोटर्स भी शामिल हुए। हमारा उद्देश्य विशेष रूप से युवा मतदाताओं के बीच मतदान के महत्व और भविष्य को आकार देने में उनकी भूमिका के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। मैच के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों ने सामूहिक रूप से आगामी चुनावों में मतदान करने की शपथ ली। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को अपने परिवारों तक वोटिंग का संदेश पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। (नस)